AMAR UJALA

Page No. 06 (Gzb) Date. 04th Oct 2019

यूनिवर्सिटी टॉपर बनीं किसान की बेटी

माई सिटी रिपोर्टर

मुरादनगर। आईटीएस कॉलेज की स्टूडेंट श्रृष्टि त्यागी ने बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा में सर्वाधिक 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया। जबकि बीपीटी में अपर्णा सिंह ने 83.7, एमपीटी में प्रकृति ने 89.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किए।

किसान की बेटी श्रृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को दिया। बताया कि अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता के साथ एक कुशल मार्गदर्शन भी आवश्यक भी होता है, जो कि वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने दिया। बता दें कि पिछले वर्ष भी स्नातक बायोटेक्नोलॉजी का स्वर्ण पदक आईटीएस की छात्रा महक गर्ग ने अर्जित किया था।

आईटीएस कॉलेज शैक्षिणक क्षेत्र में गुणवत्ता के लिए नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्लेसमेंट मैनेजर राजीव मल्होत्रा ने बताया कि इसके अतिरिक्त बायोटेक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स से यूनिवर्सिटी की 10 में से श्रृष्टी की 6 मेरिट आई है। यूनिवर्सिटी में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली तीनों बेटियों को सम्मानित किया।

यूनिवर्सिटी टॉपर सृष्टि त्यागी को सम्मानित करते शिक्षक।

बीपीटी में अपर्णा, एमपीटी में प्रकृति ने भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया

आईटीएस कॉलेज की तीन बेटियों ने कॉलेज क्षेत्र का नाम रोशन किया

Dainik Jagran

Page No : IV

Date: 04th Oct 2019

IV दैनिक जागरण नई दिल्ली, 4 अक्टूबर 2019

विविध गतिविधियां

आईटीएस कॉलेज की तीन छात्राओं को मिला गोल्ड

छात्रा सृष्टि को गोल्ड देकर सम्मानित करतीं प्रदेश की राज्यपाल व यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर • सौजन्यः आइटीएस

जासं, मुरादनगर : हाईवे स्थित आईटीएस कॉलेज की तीन छात्राओं को परीक्षा में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर गोल्ड मेडल दिया गया है। इस उपलब्धि के बाद आईटीएस प्रबंधन ने छात्राओं को बधाई दी है। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व कॉलेज प्रबंधन को दिया है। बायोटेक्नॉलाजी स्नातक की परीक्षा में मुरादनगर निवासी सृष्टि ने 81 फीसद अंक हासिल किए। इसके अलावा बीपीटी की अपर्णा सिंह ने 83.7 व एमपीटी की प्रकृति ने 89.1 फीसद अंक प्राप्त किए। तीनों छात्राओं को सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन व यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर एनके तनेजा ने गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि के बाद छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं है। उन्हें बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है। आईटीएस कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने भी तीनों छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल स्नातक बायोटेक्नोलाजी का गोल्ड मेडल भी आईटीएस की छात्रा महक गर्ग ने हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया था।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 04 (Gzb) **Date. 04th Oct 2019**

3 छात्राओं को मिला गोल्ड मेडल

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : आईटीएस कॉलेज की छात्रा सृष्टि त्यागी ने बायोटेक्नॉलजी की स्नातक परीक्षा में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सीसीएसयू का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बीपीटी की अपर्णा सिंह और एमपीटी की प्रकृति को भी स्वर्ण पदक मिला। तीनों को सीसीएसयू के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया।